http://www.howtoexam.com

S.Y.B.A. Nov-08
Hindi-II (Old course)

P4/RT-Ex-08-182

Con. 189 & (a)–08.

[OLD COURSE]

HJ–7485

(3 Hours)

[Total Marks : 100

1. निम्नलिखित अवतरण की संदर्भसहित व्याख्या कीजिए :– 24

(अ) 'मातुल मैं योध्दा नहीं हूँ, बर्बर पशु हूँ ।
यह तटस्थ शब्द है मेरे लिए अर्थहीन ।
सुन लो यह घोषणा इस अन्धे बर्बर पशु की
पक्ष में नहीं है जो मेरे वह शत्रु है ।'

**अथवा**

"वत्स, तुम मेरी आयु लेकर भी जीवित रहो
अश्वत्थामा का ब्रह्मास्त्र यदि गिरा है उत्तरा पर
तो कौन जाने एक दिन युधिष्ठिर
सब राजपाट तुमको ही सौंप दें ।"

(ब) "स्वयं सुसज्जित करके क्षण में,
प्रियतम को, प्राणों के पण में,
हमीं भेज देती हैं रण में -
क्षात्र-धर्म के नाते !"

**अथवा**

"वे तो पागल थे - जो सत्य, शिव, सुन्दर की खोज में
अपने-अपने सपने लिये
नदियों, पहाडों, बियाबानों, सुनसानों में
फटे-हाल, भूंखें-प्यासे टकराते फिरते थे ।"

(क) 'पुरुषों के प्रति तुम्हारी बहुत हीन दृष्टि है, राजनर्तकी !
उसी प्रकार जैसे नारियों के प्रति पुरूषों की हीन दृष्टि है ।'

**अथवा**

'गाँधी-गाँधी ! कितना भयानक पतन हो गया हमारे नवयुवकों का ! वे विशुध्द मातृभाषा का प्रयोग तक नहीं कर सकते, शिष्ट होना तो दूर रहा !'

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- 36

(च) अश्वत्थामा की चारित्रिक विशिष्टताओं का परिचय देते हुए 'अंधायुग' में उनका महत्त्व स्थापित कीजिए ।

**अथवा**

'अंधायुग' के प्रमुख संदेश का सप्रमाण परिचय दीजिए ।

[TURN OVER

College semester examination question papers for all subjects and branches

http://www.howtoexam.com



(छ) 'चेतना-दीप' कविता के भाव-सौन्दर्य को स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

'आजकल लड़ाई का जमाना है' कविता का आशय स्पष्ट कीजिए ।

(ज) 'सूखी डाली' एकांकी के उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

'सबसे बड़ा आदमी' के शर्मा की चारित्रिक विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए ।

3. टिप्पणियाँ लिखिए :- 20

(त) अंधायुग का युधिष्ठिर

**अथवा**

अंधायुग के प्रहरी ।

(थ) 'गीत' कविता का संदेश

**अथवा**

'सागर-तट' कविता का भावार्थ ।

(द) 'भोर का तारा' का उद्देश्य

**अथवा**

'सबसे बडा आदमी' का रामेश्वर ।

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **दो** वाक्यों में लिखिए :- 20

(अ) कृष्ण ने अश्वत्थामा को क्या शाप दिया ?

(ब) 'अंधायुग' किस प्रकार की रचना है ?

(क) 'अंधायुग' नाटक में धृतराष्ट्र किसका प्रतीक है ?

(ड) कृष्ण की मृत्यु कैसे होती है ?

(इ) कवि मैथिलीशरण गुप्त नर को क्या सलाह देते हैं ?

(फ) 'देश के एकाकी हाथ' कविता के कवि कौन हैं ?

(च) जग किस से पीडित है ?

(छ) मिश्रानी खडी क्यों रो रही थी ?

(ज) शेखर के जीवन में कौनसी साधनाएँ हैं ?

(झ) सम्राट चन्द्रगुप्त के महामंत्री कौन थे ?

College semester examination question papers for all subjects and branches